आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## रिम्स डायरेक्टर ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में सर्जिकल सुविधाओं को बढ़ाने की दी सलाह



रांची (आजाद सिपाही)। रिम्स निदेशक प्रो डॉ राजकुमार ने शनिवार को झारखंड स्टेट के डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन के साथ हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल और सदर अस्पताल का दौरा किया। मेडिकल कॉलेज में उन्होंने सर्जिकल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई सुझाव दिये। साथ ही फैकल्टी को प्रेरित भी किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ एसके सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने दूर-दराज के क्षेत्र के लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। यहां चिकित्सा प्रशिक्षण भी संतोषजनक है। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार को हजारीबाग मेडिकल कॉलेज का सलाहकार नामित किया गया है।

### उर्दू शिक्षक संघ का शिक्षक समागम आयोजित

# उर्दू के हक के लिए सभी को आगे आना पड़ेगा : अमीन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ का राज्य स्तरीय शिक्षक समागम सह मिलन समारोह डिमना झील में संपन्न हुआ। जिसमें राज्य के विभिन्न जिला के शिक्षक प्रतिनिधि शामिल हुए। रांची, गुमला, लोहरदगा, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम आदि जिला से आये संघ के पदाधिकारी शिक्षक समागम में शामिल हुए।

मुख्य अतिथि केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद और केंद्रीय अध्यक्ष अब्दुल माजिद खान की अध्यक्षता में समागम हुआ। रांची से केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद, प्रवक्ता शहजाद अनवर, अध्यक्ष अब्दुल माजिद खान, उपाध्यक्ष साबिर अहमद, खजांची मकसूद जफर हादी, लोहरदगा जिला के अध्यक्ष एनामुल हक, सचिव तौहीद आलम, उपाध्यक्ष शहादत हुसैन, अली रजा अंसारी एवं आलमीन अंसारी, गुमला के जिला अध्यक्ष सरवर आलम एवं शमीम खान, बोकारो से जिला अध्यक्ष मुफीद आलम, सचिव शहनवाज अंसारी एवं मो जिलानी, सरायकेला से अध्यक्ष गुलाम अहमद, उपाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार अंसारी एवं सचिव रुबी तरन्नुम एवं पूर्वी सिंहभूम के संरक्षक साजिद अंसारी, अध्यक्ष मोहम्मद शहाबुद्दीन अंसारी, उपाध्यक्ष एजाज अख्तर, फैय्याज आलम, मो सलीम, मोजाहिद निसार, अरशद आलम अंसारी, खुर्शीद अहमद, सरवर आलम अंसारी, महबूब आलम, मतीन अंसारी, शाहीद एकबाल, आलमगीर आलम, मो एहतेशाम, नुरुल हसन, जफरूल हसन, इस्तियाक अहमद, शमीम अहमद, अफसर अली, इलियास अहमद, अफताब आलम, इकराम आलम, कैसर आलम अंसारी, नौशाद आलम, प्रो जावेद अख्तर मुख्य रूप से शामिल हुए। इसके अतिरिक्ति बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।




**व्हाट्सएप-फेसबुक से किसी भी समस्या का समाधान नहीं :** मुख्य अतिथि केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि व्हाट्सएप फेसबुक से किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर सकते हैं, इसके लिए मजबूती के साथ तमाम जिलों में झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के बैनर को मजबूत करना होगा। उन्होंने अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ से पहले से बहुत सारे संघ हैं, परंतु किसी संघ ने हमारी जायज मांगों को शिक्षा विभाग में नहीं रख सका। स्वागत भाषण मोहम्मद शहाबुद्दीन अंसारी एवं धन्यवाद ज्ञापन गुलाम अहमद के द्वारा किया गया।

# मिथिला पंचांग का सांसद न किया विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय प्रांगण में रविवार को मिथिला पंचांग का कैलेंडर 2025 का विमोचन कार्यक्रम हुआ। विमोचन समारोह में मैथिल समाज के भीष्म पितामह स्वर्गीय लेखानंद झा के चित्र पर फूल माला और माल्यार्पण कर उनको विनम्र श्रद्धांजलि दी गयी। इस कार्यक्रम में भारत के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पंडित बिंदु शेखर झा के द्वारा मंत्र कर कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी और एक मांग पत्र बाबा विद्यापति स्मारक समिति के द्वारा सांसद को दी गयी। जिसमें की मैथिल समाज की उत्पन्न समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सहरसा से फारबिसगंज तक के लिए ट्रेन राउरकेला जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन को प्रतिदिन करने की मांग की गयी। मां जानकी जन्म महोत्सव के दिन झारखंड में सरकारी अवकाश घोषित करने साथ-साथ मैथिली भाषा को क्षेत्रीय भाषा में शामिल करने हेतु जेएसएससी में पढ़ाई के लिए मांग रखी गयी है। सांसद ने मिथिला पंचांग का विमोचन किया।

रांची के विधायक सीपी सिंह और निवर्तमान उपमाहापौर संजीव विजयवर्गीय और चिन्मयानंद स्वामी के द्वारा पंचांग का विमोचन किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में रमेश तिवारी, आंसू झा, अश्वनी आनंद, गौरीशंकर खान, बिंदु शेखर झा आदि ने रंगारंग कार्यक्रम से पंडित मुकेश झा शास्त्री के द्वारा पंचांग में आये सभी भक्तजनों का मन मोह लिया। इस मौके मुख्य रूप से उदित नारायण ठाकुर, जयंत झा, मृत्युंजय झा, आंशू झा, बिश्वामोहन झा, विनय झा, रवि गुप्ता, रमेश भारती आदि उपस्थित थे।

# सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में अन्नपूर्णा भंडारा सेवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम में स्थित सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में रविवार को प्रभुजी का एवं उनकी सेवा करने वाले सेवा साथियों का अन्नापूर्णा भंडारा हुआ, जो सुरेंद्र बडजात्या एवं किरण देवी बड़जात्या के सानिध्य में उनके भतीजे श्रेयांस बड़जात्या पुत्रवधु प्रियंका बडजात्या, नम्रता जालान द्वारा संचालित किया गया। अभी इस अपना घर में 32 जरूरतमंदों की सेवा की जा रही है। उक्त जानकारी देते हुए अपना घर आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि अन्नपूर्णा भंडारे में आश्रम के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, डुंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान, विजय अग्रवाल, सुरेश भगत, पूरणमल सर्राफ, सुरेश चौधरी, ओम प्रकाश सरावगी, शिव भगवान अग्रवाल, विशाल जालान, पवन पोद्दार, संतोष देवी अग्रवाल, संजय सर्राफ, श्रवण सिंघानिया आदि उपस्थित थे।



# गणतंत्र दिवस पर दो वयोवृद्ध नागरिकों को सम्मानित करेगा बहावलपुरी पंजाबी समाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर बहावलपुरी पंजाबी समाज द्वारा रविवार को सुबह 11 बजे कार्यकारिणी की बैठक बुलायी गयी। संस्था के अध्यक्ष लक्ष्मण दास मिढ़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। 26 जनवरी को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मंदिर चौक में सुबह 10:30 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा। इस समारोह में समाज के मुखी, संस्था के संरक्षक गण, गुरुद्वारा एवं मंदिर कमेटी, गुरु नानक भवन कमेटी, गुरु नानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी, गुरुनानक सेवक जत्था, पंजाबी युवा मंच, स्त्री सत्संग सभा, माता गुजरी जत्था, मां भवानी ज्योत मंडल समेत अन्य संस्थाओं के सदस्य भी शामिल होंगे। बैठक का संचालन संस्था के सचिन मुकेश बजाज ने किया।



संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मौके पर समाज के दो वयोवृद्ध नागरिक हरगोविंद गिरधर और ताराचंद अरोड़ा को सम्मानित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। साथ ही जानकारी दी कि इस मौके पर समाज के युवा गर्व खीरबाट एवं उनकी टीम के द्वारा देशभक्ति गीत की रंगारंग प्रस्तुति की जायेगी।

बैठक में लक्ष्मण दास मिढ़ा, वेद प्रकाश मिढ़ा, मुकेश बजाज, ललित किंगर, नरेश पपनेजा, अश्विनी सुखीजा, मोहन खीरबाट, कामराज खत्री, प्रमोद चूचरा, महेश कुक्कड़, सुशील पपनेजा और जितेंद्र मुंजाल आदि उपस्थित थे।

# बुजुर्ग महिला-पुरुष के बीच कंबल का वितरण




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल द्वारा रविवार को पूर्व महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में कोकर अखाड़ा कोचा तिरिल बस्ती कोकर में बुजुर्ग महिला-पुरुष के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर अर्जुन यादव ने कहा कि हम लोग घर-घर जाकर लालू प्रसाद यादव के नीति-सिद्धांत के बारे में बतायेंगे और राष्ट्रीय जनता दल को आगे बढ़ायेंगे। इस कंबल वितरण में मुख्य रूप से सुनील टोप्पो, अरुण यादव, मुरारी साहू, हरि राय, विजय लोहार, पप्पू लोहार, सुनील उरांव और लालू उरांव आदि लोगों ने भाग लिया।

# विद्यासागर पूजा क्लब की बैठक में नयी कमेटी का गठन

**मदर विंग महिला मोर्चा का भी गठन किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** विद्यासागर पूजा क्लब सरस्वती पूजा समिति की बैठक रविवार को जगन्नाथ अपार्टमेंट में राजकुमार चौरसिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में नयी कमेटी का गठन किया गया और मदर विंग महिला मोर्चा का भी गठन किया गया।

**नयी कमेटी में निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गये**

**संरक्षक :** विक्रम सिंह, **अध्यक्षः** विकास कुमार, **कोषाध्यक्षः** सनी कुमार, **संगठन सचिवः** कौशल साहू, **सचिवः** राज चक्रवर्ती, **सह सचिवः** सिद्धांत श्रीवास्तव, **उपाध्यक्षः** आदित्य सिंह, बंटी साहु, शेखर शर्मा, विशाल वर्मा, आर्यन रजक। **मीडिया प्रभारीः** राज कुमार चौरसिया।

**महिला मोर्चा में निम्नलिखित पदाधिकारी चुनी गयीं**

**अध्यक्षः** शकुंतला देवी, **कार्यकारिणी अध्यक्षः** पल्लवी प्रसाद, **महासचिवः** सोनी कुमारी, **महामंत्रीः** प्रीति देवी, **मंत्रीः** सेजल कुमारी, साक्षी कुमारी, विजय सिंह, **सचिवः** अंजली वर्मा, **उपाध्यक्षः** आशा देवी, तारा देवी, रचना देवी, ललिता देवी, कुसुम देवी, कमला देवी, पम्मी देवी। **संगठन सचिवः** रिंकी देवी, **सह सचिवः** प्रिया कुमारी, मुन्नी देवी

**युवा मोर्चा में निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गये**

**अध्यक्षः** अभिमान वर्मा, **कार्यकारिणी अध्यक्षः** मयंक वर्मा, **उपाध्यक्षः** कार्तिक रजक, सम्राट वर्मा, **मंत्रीः** पीयूष सिंह, राज डे, अक्षत सोनी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष सरस्वती पूजा भव्य रूप से मनायी जायेगी। 101 कलश स्थापना की जायेगी और 300 महिलाओं को वस्त्र दिया जायेगा। 14 फीट की बड़ी प्रतिमा का स्थापना कराया जा रहा है। पूजा 2 फरवरी से शुरू होगी और 5 फरवरी को महाभोग वितरण एवं कलश विसर्जन शोभायात्रा के साथ समाप्त होगी।

# इस बार अबुआ बजट पेश करेगी हेमंत सरकार: वित्त मंत्री राधाकृष्ण




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा ।** लोहरदगा जिले के ललित नारायण स्टेडियम में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय 67वां लोहरदगा एथलीट मीट आयोजन का समापन किया गया। एथलीट मीट समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के वित मंत्री राधा कृष्णा किशोर शामिल हुए। साथ ही कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, लोहरदगा एसपी हारिश बीन जमा मौजूद रहे। वित मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड में पेश होने वाले बजट को लेकर कहा कि इस बार राज्य में अबुआ बजट पेश किया जायेगा जो जाति धर्म से हटकर राज्य के सभी धर्म और समुदाय के लोगों के लिए होगा।

# श्री श्याम मंदिर का 20वां स्थापना दिवस दो फरवरी को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची द्वारा निर्मित अग्रसेन पथ स्तिथ श्री श्याम मंदिर का 20वां स्थापना दिवस दो फरवरी दिन रविवार को अत्यंत धूमधाम से मनाया जायेगा। पूरे मंदिर की साफ सफाई साज - सज्जा विगत कई दिनों से की जा रही है। साथ ही इस खास अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को रंग बिरंगी विद्युत की रंगीन लड़ियों के साथ रंगीन बैलून तथा फूलों आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है।



श्री श्याम मंदिर के 20वें स्थापना दिवस पर सर्व प्रथम 2 फरवरी को हरमू रोड स्थित गौ शाला में प्रातः 8:30 बजे से गौ पूजन एवं गौ सेवा के साथ कायक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। पूर्वाह्न 11:30 बजे से मंदिर के निकट शीतल कॉम्प्लेक्स के पार्किंग स्थल पर विशाल श्री श्याम भंडारा का आयोजन होगा। इसमें सैकड़ों भक्तगण श्याम प्रभु का पूर्ण प्रसाद ग्रहण करेंगे।

मुख्य कार्यक्रम का शुरुआत शाम 4:30 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्री श्याम मंदिर में होगी। इसमें श्री श्याम प्रभु का नैनाभीराम श्रृंगार, दर्शन, अखंड ज्योति व संगीतमय संकीर्तन का आयोजन होगा। इस अवसर पर जयपुर से प्रसिद्ध भजन गायक प्रेम सोनी अपने मधुर स्वर से श्री श्याम प्रभु को भजनों द्वारा रिझाने के लिए पधार रहे हैं।

# हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा की प्रदेश सह जिला कमेटी का विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा की झारखंड प्रदेश कमेटी का विस्तार रविवार को रामगढ़ में किया गया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार उर्फ डब्लू महतो ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव के रूप में रांची जिला के मनीष कुमार को नियुक्त किया गया। इसके अलावा, प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष कन्हाई राम, प्रदेश उपाध्यक्ष विकी श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव संजय यादव, संगठन सचिव रामविनय प्रसाद, सह सचिव मृत्यंजय ठाकुर, प्रवक्ता अतुल कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी मनोज भुईयां, सोशल मीडिया प्रभारी बजरंगी पोद्दार को भी नियुक्त किया गया।

इसके अलावा, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र भुईयां, ऐश शी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुमार रविदास, महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुमन कुमारी, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरि भूषण कर्ण, मजदूर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद को भी नियुक्त किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार उर्फ डब्लू महतो ने कहा कि झारखंड का विकास एनडीए ही कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले नगर निकाय चुनाव में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा भी अपने उम्मीदवार उतारेगी।

# सही सोच और सतत प्रयास करने से ही सफलता : प्रणव कुमार

**श्री चैतन्य एकेडमी का आइआइटी/मेडिकल की तैयारी पर सेमिनार संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डाल्टनगंज शहर के होटल ग्लैक्सी इन, स्टेशन रोड ओवरब्रिज के पास, डाल्टनगंज में रविवार को श्री चैतन्य एकेडमी द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय था आगामी आइआइटी (जेइइ) एवं मेडिकल की परीक्षाओं में कैसे ज्यादा से ज्यादा अंक एवं अच्छा रैंक प्राप्त किये जाये एवं भविष्य में इन परीक्षाओं के लिए बच्चे कैसे योजनापूर्ण ढंग से तैयारी करें ताकि सफलता मिले। शिवनारायण ने बताया कि बच्चों को किन बिंदुओं पर ध्यान देना चाहिए और लगातार प्रयास की जरूरत है। रसायन विज्ञान के शिक्षक पंकज कुमार ने रसायन की तैयारी से संबंधित जानकारी दी और समारोह के अंत में श्री चैतन्य एकेडमी के सेंटर हेड प्रणव कुमार ने बोर्ड और प्रतियोगिता परीक्षा के अंतर को स्पष्ट किया। प्रणव कुमार के अनुसार जेइइ एवं मेडिकल की तैयारी के लिए सबसे उपयुक्त समय है कक्षा दस से है। सही सोच सकारात्मक ऊर्जा और सतत प्रयास करने से ही सफलता प्राप्त होगी।

पंकज कुमार के अनुसार, लोगों के मन में भ्रम है कि जेइइ या मेडिकल की परीक्षा काफी कठिन होती है जबकि वास्तविकता कुछ और ही है। इन्होंने पाई चार्ट की मदद से समझाने की कोशिश की कि पिछले पांच सालों में आये हुए प्रश्न पत्र पर नजर डालने से येह प्रतीत होता है कि लगभग 40-50% प्रश्न काफी ही आसान होते हैं जो किसी भी मेहनत करने वाले बच्चे से बन सकता है। 20-30% थोड़ा कठिन होता है उसे भी जिस बच्चें का आइक्यू सही है तो बना सकते हैं और 20% प्रश्न कठिन होते हैं जो सिर्फ अच्छे बच्चे से ही बन सकता है। अगर कठिन प्रश्न हटा भी दे तों लगभग 80% प्रश्न सभी से बन सकते हैं और बच्चों को चुनाव 40% अंक लाने के बाद से ही शुरू हो जाते हैं।

प्रणव कुमार के अनुसार अगर मेडिकल के लिए बच्चे एनसीइआरटी के पुस्तक पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दें तो अधिक फायदा होगा। नकारात्मक प्रश्न को छोड़ने में ही भलाई है। उनके अनुसार पढ़ाई को बोझ न समझें उसे आनंद करते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचे।

क्विज प्रतियोगिता में ग्रेटर एसएलए पब्लिक स्कूल, ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल, लोटस एकेडमी और एमके, डीएवी पब्लिक स्कूल, डाल्टनगंज के बच्चों के बीच पुरस्कार वितरित किया गया। जिसमें छवि पांडे, मानषी कुमारी, रिद्धिमान शर्मा, श्रेयशी वशिष्ठ, सुहाना सिंह, नरवीफ फातिमल को पुरस्कार प्रदान किया गया।

श्री चैतन्य अकैडमी में नया बैच 2025 के लिए (आइआइटी/मेडिकल) एडमिशन टेस्ट प्रत्येक रविवार को आयोजित किये जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी फोन नं0 0651-2563018, 9204793521,9708423600 से प्राप्त कर सकते हैं।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 20 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# मधुकम प्लांट के सुपरवाइजर की हत्या करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ थाना क्षेत्र के सलगाडीह मधुकम कंपनी के प्लांट सुपरवाईजर तुममाला गंगाधर राव 52 वर्ष की हत्या 7 दिसंबर 24 को की गयी थी। पुलिस ने कासमबुरुडीह पहाड़ी के निकट एक कुआं से शव बरामद किया था। शव के साथ उनकी मोटरसाइकिल भी उक्त कुआं से मिला था पुलिस ने इसके बाद एक टीम का गठन कर जांच पड़ताल शुरू किया। पुलिस ने तकनीकी सेल के मदद से विवेक सिंह मुंडा 21 वर्ष पिता अर्जुन सिंह मुंडा बिजय लोहारा 21 वर्ष पिता स्व उपेंद्र लोहरा और सचिन मुंडा 19 वर्ष पिता जगु मुंडा सभी गांव सलगाडीह को गिरफ्तार किया। इन तीनों ने अपना अपराध स्वीकार किया। विवेक सिंह मुंडा तमाड़ थाना कांड संख्या 53/23 धारा 457/380 भादवि का मुजरिम है। पहले भी जेल जा चुका है, वरिय पुलिस अधीक्षक और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डीएसपी बुंडू टीम गठित कर एक महीने के अंदर कांड का खुलासा कर दिया। पुलिस ने अभियुक्त से मृतक का मोबाइल फोन अभियुक्त का आई फोन बरामद किया है। थानेदार रोशन कुमार शंभु पंडित व तमाड़ थाना के जवान शामिल थे।

## बिहार कोलियरी कामगार यूनियन और प्रबंधन के बीच हुई एजेंडा मीटिंग



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के द्वारा एनके प्रबंधन को दिये गये 16 सूत्री मांग पर ऑफिसर्स क्लब डकरा में एजेंडा मीटिंग हुई। जिसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता और संचालन कार्मिक अधिकारी ज्योति कुमार ने किया। बैठक में प्रबंधन ने सभी 16 सूत्री मांगों पर सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया। प्रमुख मांगों में आउटसोर्सिंग कंपनियों में 75% स्थानीय और विस्थापित, बेरोजगारों को रोजगार देने, तुमांग और बिश्रामपुर पंचायत के ग्रामीण को पुनर्वास नीति के तहत जल्द विस्थापित करने, कामगारों के जर्जर आवास की मरम्मत करने, संडे ड्यूटी में 4 दिन के फिजिकल को खत्म करने, सभी कॉलोनी में पानी की समस्या को दूर करने, हाई पावर के फैसले के तहत खदान में हो रहे हैवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने, कोयला निकासी के बाद खुली खदान को समतल करने सहित अन्य मांगों पर चर्चा हुई। बैठक में यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा यदि प्रबंधन हमारी मांगों को पूरा नहीं करती तो आने वाले दिन में क्षेत्र में मजदूरों के लिए लंबी लड़ाई लड़ी जायेगी। एजेंडा मीटिंग में प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता के अलावा सभी विभागों के प्रमुख और यूनियन की ओर से केंद्रीय अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, रीजनल सचिव धनेश्वर तूरी, जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू, एरिया सचिव इरफान खान, जोनल सचिव जंग बहादुर राम, संगठन सचिव संतोष मेहता, तोहिद अंसारी, जावेद खान, राजकुमार महतो, मेहंदी हसन, मनोज गोप, अमर भोक्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## ग्लोबल ट्राइबल क्वीन ऑफ अर्थ अभिजल कंडुलना को किया गया सम्मानित



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** ग्लोबल ट्राइबल क्वीन ऑफ इंडिया और ग्लोबल ट्राइबल क्वीन ऑफ अर्थ का खिताब जितने वाली रनिया प्रखंड की बलंकेल निवासी अभिजल कंडुलना को रविवार को तोरपा में सम्मानित किया गया। विधायक सुदीप गुड़िया, एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा और जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष जुबैर अहमद ने उसे शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि अभिजल ने अपने संघर्ष से जो मुकाम हासिल किया है, वह आदिवासी लड़कियों के लिए रोल मॉडल है। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने के लिए जो भी मदद की जरूरत होगी, वे करेंगे।

**ईमानदारी से प्रयास करने से सफलता मिलती है : एसडीपीओ**

इस मौके पर तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा कि ईमानदारी से प्रयास करने से सफलता जरूर मिलती है। अभिजल की सफलता से आज की युवा पीढ़ी को सीख लेने की जरूरत है। जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि अभिजल ने अपनी सफलता से हम सबको गौरान्वित किया है। मौके पर अभिजल ने कहा कि इस सम्मान से उसका हौसला बढ़ा है। हमारे क्षेत्र में कई युवा प्रतिभा है जिन्हें मदद देकर आगे बढ़ाने की जरूरत है. कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य सुशांति कोनगाडी, मुखिया शिशिर तोपनो, अनास्तासिया आईंद, रूबेन तोपनो, अमृत हेमरोम, राहुल केशरी, प्रदीप केशरी, मोजीर अंसारी, सुहैल अंसारी आदि उपस्थित थे।

## डालसा ने सभी प्रखंड मुख्यालयों में लगाया विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** ग्नालसा दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में रविवार को खूंटी जिले के सभी छह प्रखंड मुख्यालयों में प्रखंड स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सुदूरवर्ती क्षेत्र कें लोगों को मुख्य धारा से जोड़ना है और उनके निकटवर्ती प्रखंड में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ देना है। शिविर में प्रधालन जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार, जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला द्वितीय राकेश कुमार मिश्रा, जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, डालसा सचिव राज अपर्णा कुजूर, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाअधिकारी कुमारी विद्यावती आदि द्वारा सरकार की ओर से आम जनों के बीच कंबल, ट्राई साइकिल, धोती-साड़ी योजना, कृषि और वानिकी से संबंधित योजना, बकरी पालन, पशुधन गाय पालन, मातृत्व वंदना, सावित्रीबाई फुले योजना, किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, जॉब कार्ड, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, केसीसीसी योजना, जेएसएलपीएस एवं अन्य का लाभ आमजन को दिया गया। इन छह प्रखंडों में 489 लाभुकों ने शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ लिया। उनके बीच कुल तीन करोड़, तीरपन लाख, बहतर हजार, तीन सौ की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में डालसा के एलएडीसी डिप्टी चीफ नम्रता कुमारी, एलएडीसी असिस्टेंट अमरदीप कुमार, डालसा के मेडिएटर धनिक गुड़िया, डालसा के पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम, सुमित कुमार कश्यप, शशि कला देवी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड के प्रमुख, सीडीपीओ, बीपीओ, सीसीसी बीटीएम, जेएसएलपीएस के अधिकारी, डालसा द्वारा चयनित सभी प्रखंडों के पीएलबी, प्रखंड की महिला समूह लाभार्थी आदि उपस्थित थे। यह जानकारी डालसा की सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## लपरा पंचायत में किसानों के बीच बीज का वितरण



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** कृषि और उद्यान विभाग की ओर से रविवार को लपरा पंचायत भवन में किसानों को बीज वितरण किया गया। 105 किसानों के बीच लपरा पंचायत की मुखिया पुतुल देवी ने बीज का वितरण किया। मुखिया ने बताया कि खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए पंचायत परिसर में 105 किसानों के बीच ग्रीष्मकालीन विभिन्न प्रकार के सब्जियों के बीज का वितरण किया गया। किसानों के बीच खीरा, बैंगन,टमाटर, मिर्चा, कद्दू, नेनुवा बीज का वितरण किया गया। मौके पर उद्यान मित्र राजेंद्र महतो, जयबीर यादव, सागर प्रसाद साहू, रामजतन प्रसाद, मदन प्रसाद, हरि उरांव, रामलखन भगत, रमेश महतो, राकेश उरांव, शिवशंकर उरांव, तेजमनी देवी, उमेश उरांव, हरि उरांव, मनीषा देवी, लक्ष्मण उरांव, बुधराम उरांव, अशोक मुंडा, करण लोहरा, रामकुमार मुंडा, हरि मुंडा सहित अन्य किसान मौजूद थे।

## इंद्रियां मायारूपी जोंक हैं, जो विषयों में डाल कर दुःख देती हैं : स्वामी प्रमोद महाराज



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** महर्षि मेंही आश्रम शांतिपुरी मुरहू में चल रहे दो दिवसीय सत्संग में प्रवचन करते हुए रविवार को स्वामी प्रमोद जी महाराज ने कहा कि दुनिया में सभी सुख चाहते हैं। इसके लिए जतन भी करते हैं, पर इसके लिए सही युक्ति सद्गुरु का बताया गया भक्ति मार्ग ही है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि धरती का धूल गिना जा सकता है, पर परमात्मा के नाम की गिनती नहीं हो सकती। इंद्रियां माया रूपी जोंक है, जो हमें विषयों में डालकर दुःख देती हैं। जैसे एक मिट्टी के ढेले को उछाल दीजिए, वह नीचे गिर कर रुकता है, शांत हो जाता है, वैसे ही हमारी आत्मा परमात्मा से भक्ति मिलन को प्राप्त कर संतुष्ट होती है। स्वामी लक्ष्मणजी महाराज, स्वामी जयकुमार, स्वामी बालकृष्ण, स्वामी नरेंद्र जी, स्वामी राममूर्ति, स्वामी दिवाकर, स्वामी राजेंद्र, स्वामी अखिलेश ने भी अपने प्रवचन में सदाचार-शाकाहार और भक्ति करने की विधि बताई। मौके पर खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा भी पहुंचे और सत्संगियों संग भक्ति में खूब झूमे और संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक ने प्राथमिकत के आधार पर इसे पूरा करने का भरोसा दिया। मौके पर काशीनाथ महतो, योगश वर्मा ने भी भक्ति मार्ग की प्रशंसा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संरक्षक डॉ डॉ डीएन तिवारी, जिलाध्यक्ष संजय कुमार, मंत्री जगमोहन पूर्ति, जूरन मुंडा, रामहरि साव, सूरजमल प्रसाद, सुबोध कुमार, सनातन कुमार बीरू, डॉ रमेश वर्मा, विष्णु गुप्ता, सगुन दास, दुखेंद्र ठाकुर, गंगाराम समद, हरिद्वार ठाकुर, सुनील रजक, धर्मेंद्र ठाकुर, जगन्नाथ साव, अजय गुप्ता आदि का योगदान रहा।।

## जिला वुशू प्रतियोगिता में डीएवी बचरा के छात्रों ने लहराया परचम




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के द्वारा चतरा जिले में आयोजित 17वीं वुशु चैंपियनशिप प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के छात्र अर्णव सोनी, सिद्धार्थ सिंह, आशु सिंह और मयंक उरांव ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल पर अपना कब्जा जमाया। विद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर आर चौधरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के स्कूली बच्चे शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। आनेवाले दिनों में डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के छात्र कोयलांचल ही नहीं पूरे झारखंड में अपनी एक अलग पहचान बनाने का काम करेंगे। छात्रों ने इस प्रतियोगिता में असाधारण कौशल दिखाते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा का पूरा परिवार इस उपलब्धि पर गर्व महशूश कर रहा है। उन्होंने स्कूल के सभी बच्चों से बेहतर शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की।

## केंद्रीय शिक्षा सचिव सुनील कुमार वर्णवाल पहुंचे नवागढ़ पंचायत



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय शिक्षा सचिव सुनील कुमार वर्णवाल आज नवागढ पंचायत के रंगामाटी बरवाटोली पहुँच कर पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। विदित हो कि नवागढ पंचायत को आदिवासी आदर्श पंचायत बनाने हेतू रामकृष्ण मिशन आश्रम के साथ संयुक्त रूप से गोद लेकर पंचायत का विकास के लिए विभिन्न विकास कार्य किये हैं। जिसका परिणाम रहा कि आज झारखंड सरकार के द्वारा नवागढ पंचायत को मॉडल पंचायत बनाने का कार्य किया जा रहा है। केंद्रीय शिक्षा सचिव सुनील कुमार वर्णवाल ने कहा की आज नवागढ पंचायत के ये रंगामाटी गांव आकर महसूस हो रहा है कि हम अपना गॉव पहुचे हैं। उन्होंने विशेष कर शिक्षा पर जोर देते हुए कहा की पंचायत का विकास के लिए शिक्षा की अत्यंत आवश्यकता है। आज सभी विद्यालयों में शिक्षक का कमी महसूस हो रही है ये बहाना न करते हुए खुद अभिभावक को आगे आकर इसके प्रति कदम उठाना होगा। मौके पर जिला परिषद अनगडा पूर्वी राजेंद्र शाही मुंडा, मुखिया भुवनेशवर बेदिया, पूर्व प्रभारी मुखिया रेखा देवी, प्रदीप महतो, कमल बेदिया, धनेशवर बेदिया, रोहित शाही मुण्डा, राजेन्द्र शाही, नरेंद्रनाथ बेदिया, सोमरा बेदिया, जगदीश भोगता, वार्ड सदस्य गीता देवी, वार्ड सदस्य गायत्री देवी, आदि उपस्थित थे।

## झारखंड स्टेट सब जूनियर रग्बी चौंपियनशिप के दोनों वर्गों में खूंटी की टीम बनी चैंपियन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्थानीय लोयोला हाई स्कूल मैदान में रविवार को आयोजित झारखंड स्टेट सब जूनियर रग्बी चैंपियनशिप के दोनों वर्गों में खूंटी की टीम लगातार तीसरी बार विजेता बनी। बालक वर्ग के फाइनल मैच में खूंटी की टीम ने पश्चिम सिंहभूम को कड़े संघर्ष के बाद 5- 0 से और बालिका वर्ग में गोड्डा की टीम को 30-0 से हराकर खूंटी की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग में तीसरा स्थान बोकारो और बालक वर्ग में तीसरा स्थान गुमला को मिला। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह झारखंड रग्बी फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु कुमार जालान, विशिष्ठ अतिथि फादर अमृत लकड़ा, फादर बिमल मिंज, झारखंड रग्बी फुटबाल एसोसिएशन के महासचिव हेजाज असदक और मनोज सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

## कलश यात्रा के साथ चूरी में महाकाली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की हुई शुरुआत



**खलारी (आजाद सिपाही)।** चूरी कॉलोनी में चार दिवसीय महाकाली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरूआत रविवार को कलश यात्रा के साथ की गयी। रविवार की सुबह गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 301 महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना के बाद सपही नदी से कलश में जल भर कर कॉलोनी की परिक्रमा कर कलश को यज्ञ मण्डप में लाया गया। पुजारी नरेंद्र पाठक के द्वारा कलश यात्रा के सभी संस्कार कराए गये। जजमान के रूप में नरेश विश्वकर्मा और उनकी पत्नी शामिल रही। सोमवार को महायज्ञ के दौरान अरणीमंथन किया जायेगा। इसके बाद यज्ञशाला की परिक्रमा शुरू हो जायेगी। मंगलवार को मां काली की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया जायेगा।

# तमाड़ क्षेत्र में अवैध रूप से अफीम की खेती करनेवाले युवक को भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देश में डीएसपी बुंडु के नेतृत्व में गुप्त सुचना के आधार पर एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा गुप्त सुचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल के साथ गांव चिपिबाधडीह के पश्चिम दिशा में निजी तालाब के ठीक बगल सशस्त्र बल जब पहुंचा तो पाया कि कुछ लोग अफीम लगे खेत में काम काम कर रहे थे। पुलिस को देखकर अफीम की खेत में काम कर रहे लोग भागने लगे तभी सशस्त्र बल के द्वारा भागते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा, जिससे पुछ-ताछ करने पर अपना नाम धनीराम महतो बताया आगे पुछ-ताछ के क्रम में इनके द्वारा बताया गया कि ये इनका खेत हैं और अन्य तीन के विरुद्ध छापामारी कि जा रही है। तत्पश्चात पकड़े गये व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया। कांड दर्ज कर जेल भेजा गया ।

## पुलिस ने अनुमंडल क्षेत्र में कुल 31.5 एकड़ में लगी अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया



**बुंड (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने रविवार को अनुमंडल क्षेत्र में कुल 31.5 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। रविवार को बुंडू थाना क्षेत्र के रेलाडीह और जंगली क्षेत्र में लगभग 13 एकड़ भूमि पर दशम फॉल थाना क्षेत्र अंतर्गत हेसापीढ़ी आसपास जंगली क्षेत्र में लगभग 2 एकड़ भूमि पर तमाड़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत मानकीडीह ग्राम के जंगली क्षेत्र में लगभग 15 एकड़ भूमि सोनाहातु थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नाड़ा नदी किनारे में लगभग 1.5 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट करने के साथ लोगों को जागरुक भी किया गया। इस अभियान में बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश, बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा, तमाड़ थाना प्रभारी रौशन कुमार, दशम फॉल थाना प्रभारी प्रशांत गौरव, सोनाहातु थाना प्रभारी चंदन कुमार, विकास चंद्र महतो, राहुल मेहता, संदीप कुमार, मोदी अनिल मोहली, जयराम सिंह के अलावे जैप एवं सैप के जवान शामिल थे।

## गणतंत्र दिवस पर विकास समिति के कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**पिपरवार(आजाद सिपाही)।** पिपरवार विकास समिति की एक आवश्यक बैठक बचरा कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अगनु देशवाली और संचालन संतोष कुमार राम ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक मे सर्वसम्मति से पिपरवार विकास समिति के कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोतोलन करने, विभिन्न स्कूलों के बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने, स्कूल की शिक्षिका और महिलाओं के लिए कुर्सी रेस प्रतियोगिता का आयोजन करने, समिति के कोषाध्यक्ष बालदेव महतो के सेवानिवृत्ति पर उनके सम्मान मे विदाई समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सचिव संतोष कुमार राम ने क्षेत्र के सभी स्कूलों के शिक्षक और बच्चों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। बच्चों को जल्द रजिस्ट्रेशन कराने के लिए समिति के कार्यालय में संपर्क करने की अपील की गयी है।

## सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो ने लगाया जनता दरबार, लिये आवेदन



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो ने रविवार को सोनाहातू प्रखंड के दुलमी और जिलिंगसेरेंग पंचायत में जनता दरबार लगाया। इस दौरान ग्रामीणों ने अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन, मंईयां सम्मान योजना, विधवा पेंशन आदि से संबंधित आवेदन प्रपत्र जमा किये। विधायक ने कहा कि हमें जनता ने विश्वास कर बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए चुना है। इसलिए हमें भी जनता के प्रति खरा उतरकर बेहतर तरीके से कार्य करना होगा। इसलिए अधिकारी और कर्मचारी नये तरीके से काम को करना प्रारंभ करें। पहले जो भी सिस्टम था, उसको बिल्कुल भुला जायें। क्योंकि, हमारे क्षेत्र के लोगों को प्रखंड और अंचल के कार्यों में तनिक भी चक्कर लगाना न पड़े, नहीं तो बक्शे नहीं जायेंगे। मौके पर बीडीओ खगेश कुमार,सीओ मनोज महथा, थाना प्रभारी चंदन कुमार, ग्राम प्रधान मुंडा कृष्ण कुमार सिंह, मुखिया लतिका देवी, अवनी सिंह मुंडा, भोलेशवर सिंह मुंडा, तपन सिंह मुंडा, अनंत हजाम,सुरेश चंद्र महतो, कामेशवर महतो, दीनबंधु महतो, लालू पुरान समेत कई ग्रामीण उपस्थित हुए।

## एमबी स्कूल बुंडू में एक दिवसीय ताइक्वांडो और कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट संगठन के तत्वाधान पर एमबी स्कूल बुंडू में रविवार को एकदिवसीय ताइक्वांडो औरकराटे प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया। इस मौके पर एमबी ताइक्वांडो अकादमी ट्रेनिंग मुख्य रूप से जमील अंसारी और इबरार कुरैशी के द्वारा बच्चों को तायक्वोंडो खेल के किक, पंच, ब्लॉक, पूमसे, आत्मरक्षा की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में एमबी ताइक्वांडो अकादमी के प्रशिक्षण शिविर में सीनियर खिलाड़ी जयपाल महतो, विकास तिर्की, मोहित मुंडा, निखिल लोहरा, मनीषा मुंडा, आदि सक्रिय योगदान दिये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल के प्रिंसिपल अबु अब्बास अली ने बताया कि तायक्वोंडो खेल ओलंपिक से गेम्स में शामिल है। बच्चे अपना भविष्य तायक्वोंडो खेल में निखार सकते है। तायक्वोंडो खेलने से बच्चों का मानसिक और शारीरिक दोनों का विकास होता है। तायक्वोंडो नशा करने से हमें दूररखता है।

## राज्य रक्षा मंत्री के निर्देश पर जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया गया वितरण



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** राज्य रक्षा मंत्री सह सांसद संजय सेठ के निर्देश पर भाजपा नेता दिलेश्वर कोईरी के नेतृत्व में सोनाहातू प्रखंड के जामुदाग कांशीडीह, गलऊ, इड़कु आदि गांव के 41 जरूरतमंद वृद्ध लोगो के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर कई लोग मौजूद थे। इधर प्रदीप वर्मा फाउंडेशन के द्वारा सोनाहातू मंडल ओर कुकड़ु मंडल के कई गांवों में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण का कार्य किया गया। मौके पर भरत चंद्र महतो, सुमन मुखर्जी , मनोरंजन सिंह, महेन्द्र नाथ महतो, राकेश कुमार महतो और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चोरों ने दिया एक साथ छह घरों में चोरी की घटना को अंजाम

**मुरी (आजाद सिपाही)।** सिल्ली प्रखंड के अंतर्गत दोवाडू गांव में बीती रात चोरों ने छह घरों को निशाना बनाया और नगद, गहने समेत घर में रखा जरूरी सामानों को लेकर चोर उड़न छू हो गया। मिली जानकारी के अनुसार अजीत, कामेश्वर, लक्ष्मण, धनु , दुर्गा मुंडा, बानेश्वर, विष्णु और भोला के घरों से चोरी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों चोरों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है।

## 10 एकड़ में लगी सब्जी की फसल को हाथियों के झुंड ने किया नष्ट



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में इन दिनों लगातार हाथियों द्वारा सब्जी के फसल को नष्ट किये जाने से किसान काफी मायूस है। हाथियों का एक झुंड सोनाहातू और हितजारा के सामने बांस वन में जमे है। एक झुंड बारेंदा पहाड़ी के जंगल में जमे है। एक झुंड हेसाडीह ऊपर जंगल में जमे है। सोनाहातू चारों ओर से जंगली हाथियों से घिरा है। शाम होते ही गांव की सड़के सुनसान हो जा रही है। हाथियों के झुंड कब कहां निकले किसी को अंदाजा नहीं है। वन विभाग मौन है। विभाग को फसल नुकसान या हाथियों के गतिविधियों से कोई सरोकार नहीं है। शनिवार रात जामुदाग पंचायत के चोगा गांव ओर बारेंदा पंचायत के कई गांव के 10 एकड़ में लगे सब्जी फसल नष्ट हुए है। किसान बासुदेव भगत, सुरेश भगत, संशोधर कोइरी, रामप्रिया देवी, विपिन बिहारी कोइरी, कुंजलाल कोइरी आदि के फसल नुकसान हुए है। गांव में हाथियों द्वारा नुकसान की सूचना पर पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू ने गांव जाकर किसानों से नुकसान की जानकारी लिया।

## टांग बाजार मैदान में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के टांग बाजार मैदान में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो और विशिष्ट अतिथि ग्रामप्रधान मुंडा कृष्णा कुमार सिंह ने फुटबॉल में कीक मारकर किया । फाईनल मुकाबला सुजीत स्पोर्टिंग और रंजीत एफसी के बीच खेला गया। जिसमें सुजीत स्पोर्टिंग विजेता और रंजीत एफसी उपविजेता बना। वहीं बादल स्पोर्टिंग और काशम्बूरु एफसी तृतीय और चतुर्थ पर रहे। विशिष्ट अतिथि ग्रामप्रधान मुंडा कृष्ण कुमार सिंह ने विजेता टीम को नगद 20 हजार रुपये पुरस्कृत किया। अतिथि अनूप सिंह मुंडा के द्वारा उपविजेता टीम को नगद 15 हजार रुपये दिये गये। वहीं तृतीय और चतुर्थ स्थान रखने वाले दोनों टीमों को नगद 5-5 हजार रुपए कमिटी की ओर से दिये गये। मौके मुंडा कृष्ण कुमार सिंह, प्रधान सिंह मानकी, कार्तिक सिंह मानकी, वरुण सिंह मानकी, सहित ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने अनगड़ा में 1.10 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की रखी आधारशिला

# निर्माण कार्य योजनाओं की ग्रामीण खुद से करें निगरानी : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने रविवार को अनगड़ा प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में करीब 1.10 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली विभिन्न विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने चतरा, हेसल, पैका, गोंदलीपोखर व शासनबेड़ा गांव में सांसद मद से स्वीकृत पीसीसी पथ, श्मशान शेड एवं पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मंत्री संजय सेठ ने कहा कि विकास के लिए ग्रामीणों को संगठित व जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य के लिए ग्रामीणों से योजना कार्य की निगरानी करने को कहा। इस मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, राजेश मिश्रा, रामसाय मुंडा, सुनील कु महतो, संजय नायक, सुधीर महतो, रामेश्वर महतो, जगेश्वर महतो, राजेन्द्र महतो, घनेनाथ महतो, मुखिया कविता देवी, सोहन पाहन, कृष्णा भगत आदि उपस्थित थे।



पीसीसी पथ, शमशान शेड और पेव ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ।

# बेड़ो के जहानाबाद में जंगली हाथी का उपद्रव, घर को ध्वस्त कर अनाज खाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के जामटोली पंचायत के जहानबाज गांव के टंगरा टोली में शनिवार की रात 10 बजे एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। एक ही घर को दो जगहों से तोड़ दिया, जिससे घर में रखें घरेलू सामान बर्बाद हो गये। इसके अलावा घर में रखे अनाज और सब्जी के साथ ही खाना भी खाकर बर्बाद कर दिया। घटना के बाद रविवार की सुबह ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथी द्वारा ध्वस्त किए गए घर जतरू उरांव का है। एक दिन पहले ही कमाने के लिए वह बाहर चला गया है। इसके अलावा टंगरा टोली में ही बुधराम उरांव के घर में खेत से तोड़कर लाए छह बोरा मटर के फसल को भी खाकर बर्बाद कर दिया। इसे लेकर बुधराम उरांव ने बताया कि मटर की फसल को घर के आंगन में रखा था। इसके बाद हाथी ने डब्ल्यू उरांव के घर के बाहर में चावल बनाने के लिए रखे धान को भी खा लिया। इधर, जंगली हाथी के आ जाने से पूरे गांव के ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीण जंगली हाथी के आतंक से परेशान है। इधर, गांव में आए जंगली हाथी द्वारा घर तोड़े जाने की जानकारी मिलते ही मुखिया लक्ष्मी कोया और पूर्व मुखिया सुनील कच्छप ने घटना स्थल पर पहुंच गये। स्थिति का जायजा लेते हुए भुक्तभोगी को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

# बेड़ो पुलिस ने जब्त किये अवैध बालू लदे दो हाइवा, दोनों चालक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार की सुबह करीब आठ बजे अवैध बालू से लदे दो हाइवा को असरो पेट्रोल पंप के पास से जब्त किया है। लगे हाथ पुलिस ने दोनों वाहनों के चालकों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनकी पहचान गुमला जिले के सिसई थाना अंतर्गत बिरकेरा अडियाटोली निवासी करमचंद उरांव और भरनो थाना क्षेत्र के भरनो माथुटोली निवासी चन्द्र देव उरांव के रूप में हुई है। इस संदर्भ में बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार की सुबह गश्ती व छापामारी अभियान चलाया। इसी दौरान बेड़ो पुलिस ने गुमला की ओर से अवैध बालू लदे दो हाइवा को आते हुए देखा। इसके बाद पुलिस ने सशस्त्र बलों के सहयोग से दोनों हाइवा को रोक लिया। पुलिस की ओर से जब दोनों हाइवा के चालकों से बालू के कागजात मांगे गये तो दोनों चालक बालू का चालान व कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए। इसके बाद पुलिस ने दोनों चालकों को अवैध बालू परिवहन के संज्ञेय अपराध में गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने दोनों हाइवा को जब्त कर लिया। इसके बाद गिरफ्तार दोनों चालकों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरस्वती पूजा समिति पेरतोल की ओर से स्कूली बच्चों के लिए रविवार को प्रखंड स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा केन्द्र राजकीय मवि चिलदाग को बनाया गया था। जिसमें कक्षा 1-10 तक के 650 से भी अधिक स्कूली बच्चों ने भाग लिया। मालूम हो कि सरस्वती पूजा समिति पेरतोल पिछले 6 वर्षो से लगातार इस तरह की प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन करते आ रहा है। परीक्षा परिणाम सरस्वती पूजा के दिन घोषित की जाती है और उसी दिन एक समारोह आयोजित कर उत्कृष्ट प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाता हैं। परीक्षा को सफल बनाने में राजेंद्र चौधरी, अजय चौधरी, कृष्णा महतो, विनय चौधरी, जितेन्द्र चौधरी, सुरेन्द्र चौधरी, राजू चौधरी, हरेश चौधरी, रतिलाल करमाली, निशा कुमारी, विश्वंभर, दीपक, रविंद्र, दिलीप, नंदलाल, संजय, कल्पना कुमारी, पुष्पा, कृति, आकांक्षा, अंजली, सुमन, सावित्री कुमारी आदि का योगदान रहा।

# रांची जेसीइआरटी में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (जेसीइआरटी) ने रविवार को विद्यालय नेतृत्व बहुविध भूमिकाएं और जिम्मेदारियां विषय पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल समापन किया। यह संगोष्ठी 17 से 19 जनवरी तक रांची स्थित जेसीईआरटी परिसर में आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम में देशभर के शिक्षाविदों, नीति निमार्ताओं, शोधकर्ताओं और विद्यालय नेतृत्वकर्ताओं ने भाग लिया। संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यालय नेतृत्व की उभरती भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर चर्चा करना और शिक्षा के बदलते परिदृश्य में नेतृत्व के महत्व को रेखांकित करना था। समापन सत्र के दौरान शोध पत्र और केस स्टडीज प्रस्तुत किए गये। इसके अतिरिक्त एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय नेतृत्व ढांचों को सशक्त बनाने के लिए ठोस संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष चतरा कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरएन पांडे ने प्रस्तुत शोध पत्रों और केस स्टडीज की प्रशंसा करते हुए कहा कि संवाद और सहभागिता से बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते है। उप निदेशक प्रदीप कुमार चौबे ने अपने भाषण में 21वीं सदी की शिक्षा प्रणाली में विद्यालय नेतृत्वकताओं की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा की उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर पेशेवर विकास और नवाचारों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। चेयरपर्सन ने इस ज्ञानवर्धक संगोष्ठी के आयोजन के लिए जेसीईआरटी की सराहना की। उन्होंने स्कूल नेतृत्व क्षमताओं को बढ़ाने के लिए संरचनात्मक बदलावों की अपील की। जेसीईआरटी ने ज्ञान के आदान-प्रदान और क्षमता निर्माण के लिए मंच प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई। बताते चलें कि रांची स्थित जेसीईआरटी झारखंड में शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण का शीर्ष निकाय है। यह नवीन पहल और प्रथाओं के माध्यम से शिक्षा में सुधार और नेतृत्व के विकास में अहम भूमिका निभा रहा है।

# बरगवां शक्ति केंद्र में प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** भाजपा खिजरी मंडल अंतर्गत बरगवां शक्ति केंद्र के बूथ नंबर 239, 240 और 241 पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का आयोजन किया गया। जो भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रशिक्षण प्रमुख गणेश मिश्रा उपस्थित थे। उन्होंने 'मन की बात' कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे जन-जन से जोड़ने वाली पहल बताया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण भाजपा नेता प्रमोद कुमार सिंह ने दिया। उन्होंने 'मन की बात' को प्रधानमंत्री की देशवासियों से सीधा संवाद बताया। धन्यवाद ज्ञापन खिजरी मंडल महामंत्री गोरखनाथ सिंह ने किया। इस दौरान 'मन की बात' को सामूहिक रूप से सुना गया और इस पर चर्चा भी की गई। प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए मुद्दों को प्रेरणादायक बताया और उनके विचारों को आत्मसात करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। आयोजन में बरगावां पंचायत के उप मुखिया सुबोध सिंह टनटन, गोपाल चौधरी, प्रज्ञा भारती, सरोज राय, जयंती देवी, शिल्पी शालिनी, सविता देवी, एनपी सिंह, उर्मिला देवी, बबीता देवी, चंचला शर्मा, नीतू देवी, रीता देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कपड़ा बैंक ने 300 जरूरतमंदों में कपड़े और कंबल बांटे



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** कपड़ा बैंक ने रविवार को अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में बेड़ो के तुको सेमर टोली गांव में 300 जरूरतमंदों के बीच कपड़े एवं कंबल का वितरण किया। इस दौरान लोगों में स्वेटर, जैकेट, साड़ी, जींस सलवार, टीशर्ट एवं बच्चों का कपड़ा एवं कंबल का वितरण किया गया। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक लगातार पांच वर्षों से ठंड के मौसम में सुदूरवर्ती गांवों में जाकर जरूरतमंदों के बीच कपड़े एवं कंबल का वितरण कर रहा है। कपड़ा बैंक की ओर से जितने भी कपड़े ले जाये जाते हैं कम पड़ जाता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि यदि उनके पास घरों में अनुपयोगी कपड़े छोटे हो गए है तो कपड़ा बैंक में जमा कर दें। ताकि हम उसे जरूरतमंदों तक पहुचा सकें। जो कपड़े हमारे लिए पुराने और बेकार लगते हैं वो किसी के लिए जरूरत है। किसी के चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। कपड़ा बैंक में कपड़े की कमी हो गयी है। कपड़ा बैंक का संचालन लोगों के सहयोग से ही चल रहा है। लोग रांची, रातू, नगड़ी, दलादिली एवं बेड़ो से कपड़े पहुंचाते हैं। उन सभी का कपड़ा बैंक दिल से आभार व्यक्त करता है। कपड़ा बैंक की टीम बुजुर्गों और असहायों के बीच अपने खर्च से कंबल खरीद कर वितरित करती है। मौके पर कैलाश कुमार, शक्ति साहू, सुनील कुमार,रवि केशरी व अनुज कुमार गुप्ता मौजूद थे।

# टाटीसिलवे में डॉ भीमराव अंबेडकर चौक पर मना संविधान गौरव दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता


डॉ भीमरान अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते लोग।

**नामकुम।** टाटीसिलवे स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर चौक पर रविवार को संविधान गौरव दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर टाटीसिलवे मंडल के प्रशासनिक संयोजक नागेश्वर महतो ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाई और समाज के अछूते वर्गों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का अधिकार दिलाया। उन्होंने दलित वर्गों को आरक्षण दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा डॉ अंबेडकर के साथ अन्याय किया। बताया कि कांग्रेस ने दो बार डॉ अंबेडकर को चुनाव में हराने का प्रयास किया और उनके खिलाफ प्रचार अभियान भी चलाया। इतना ही नहीं, कांग्रेस ने दिल्ली में उनके अंतिम संस्कार की अनुमति तक नहीं दी और उनके स्मारक निर्माण का विरोध किया। 1990 में भाजपा समर्थित सरकार ने डॉ अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया। साथ ही भाजपा ने डॉ अंबेडकर से जुड़े पांच महत्वपूर्ण स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया, जिनमें उनकी जन्मभूमि महू, शिक्षा भूमि लंदन, दीक्षाभूमि नागपुर, महापरिनिर्वाण भूमि दिल्ली और चैत्यभूमि मुंबई शामिल है। इस अवसर पर सिल्वे पंचायत के पूर्व मुखिया धनंजय शाही मानकी, टाटीसिल्वे मंडल के एसी मोर्चा अध्यक्ष रंथू नायक, महामंत्री अमित कुमार मिश्रा, मनसा महतो, गिरिधर मिश्र, नीलकंठ मिश्रा उपस्थित थे।

## मांडर में हुई मेधा डेयरी किसानों की राज्यस्तरीय बैठक

**मांडर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य दुग्ध उत्पादक मेधा डेयरी के किसानों की राज्य स्तरीय बैठक रविवार को मांडर प्रखंड स्थित सोसई आश्रम मैदान में विशेश्वर शाही की अध्यक्षता में हुई। जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से आए किसान दुग्ध मित्रों ने वेरिएशन के नाम पर प्रबंधन द्वारा पैसा काटे जाने रर नाराजगी जाहिर की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 जनवरी को एक प्रतिनिधिमंडल मेधा प्रबंधक से मिलकर समस्याओं से अवगत कराएंगे और वेरिएशन के नाम पर पैसा काटे जाने को बंद करने की मांग करेंगें। बैठक में पलामू, लोहरदगा, देवघर, गुमला, गढ़वा, हजारीबाग, गोड्डा, रामगढ़, और दुमका के किसान प्रतिनिधि शामिल हुए। संचालन सुजीत शाही धन्यवाद ज्ञापन जावेद अंसारी की ओर से किया गया। इस मौके पर विनोद सिंह, भानु महतो और इंद्रदेव महतो सहित लगभग 500 प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## दुर्घटना में दो घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बड़ाईक चौक के समीप बेड़ो साईं मंदिर सड़क पर रविवार की दोपहर 12.15 बजे दो बाइक की आपसी टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें से एक बेड़ो घाघरा कोकड़े गांव निवासी मनोज मुंडा (24) व दूसरा कर्रा टंगरा टोली गांव निवासी राम महली (20) है। दोनों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है।**

## मनोज सिंह ने जरूरतमंदों में कंबल बांटा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी मनोज सिंह घर-घर जाकर कैंपनिंग कर सेवा कर रहे हैं। इस बार का अभियान कंबल वितरण हैं। निगम क्षेत्र के 35 वार्ड में 10 हजार कंबल वितरण का लक्ष्य रखा गया हैं। रविवार को इस अभियान के तहत मनोज सिंह ने वार्ड नंबर एक के सिंगरा, पुलिस लाइन रोड़, सुदना के अघोर आश्रम रोड, पटेल नगर, बैक कॉलोनी, निमिंया आदि इलाकों में भ्रमण कर जरूरतमंदों में कंबल बांटा। उन्होंने कहा कि राजनीति को वह सेवा का मिशन मनाते हैं। जनता के आशीर्वाद से पद पर रहने के दौराव व उसके बाद भी जनता की सेवा में पूरी सक्रियता के साथ लगे हैं। कहा कि जनता की उम्मीद को वह कभी टूटने नहीं देगे, जन विश्वास की रक्षा ही उनके राजनीतिक जीवन का लक्ष्य हैं। मौके पर रोहित, जुगनू, अमित सिंह, रोशन सिंह, यशवंत सिंह, लवकुमार राम, अंतूल सिंह, रणजीत राम, केश्वर राम सहित कई लोग उपस्थित थे। बतातें चलें कि इस अभियान के तहत अब तक तीन हजार से अधिक कंबल का वितरण हो चूका हैं। इसे लेकर टीम मनोज सिंह द्वारा कोई तामझाम नहीं किया जाता हैं। मनोज सिंह भ्रमण पर निकलते हैं। लोगों से मिलते हैं। स्थानीय लोग जिसके बारे में जानकारी देते हैं, उनके घर जा कर सम्मान पूर्वक कंबल और गर्म शाल उपलब्ध कराया जाता हैं।

### ताज होटल निर्माण के तोड़े गये मकानों के विस्थापितों से मिले हटिया विधायक

# विस्थापितों के साथ अन्याय बर्दास्त नहीं: नवीन जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



झारखंड विस्थापित जन कल्याण समिति की बैठक को संबोधित करते हटिया विधायक नवीन जायसवाल।

**पिस्कानगडी।** होटल ताज की बाउंड्रीवाल के लिए चार आदिवासी विस्थापित परिवारों के घर तोड़े जाने के विराध में रविवार को झारखंड विस्थापित जन कल्याण समिति के बैनर तले रविवार को होटल ताज में एक विरोध बैठक की गई। इसमें कुटे तिरील लाबेद आणि मूडमा और जगन्नाथपुर के सभी एचइसी विस्थापित परिवार शामिल थे। उक्त बैठक में हटिया विधायक नवीन जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विरोध जताते हुए कहा कि यह विस्थापितों के साथ अन्याय है। इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने कहा कि राज्य की कांग्रेस-झामुमो गठबंधन सरकार आदिवासी भाइ-बहनों का सबसे बड़ा हितैषी बनती है। वहीं, दूसरी ओर स्वार्थ से निहित होकर उन्हीं गरीब आदिवासी भाइयों के घर को तोड़ती है। वहीं, समिति के अध्यक्ष कुणाल शाहदेव ने कहा कि विस्थापित आदिवासी परिवारों का घर तोड़े जाने के खिलाफ उग्र आंदोलन होगा। ताज होटल को यहां से उखाड़ फेंकने के लिए सभी विस्थापित संकल्पबद्ध हैं। इस मौके पर कृष्णा मिर्धा, प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, अजय बैठा, अजीत मुंडा, किशोर नाथ शाहदेव, बीजू महतो, रतन पहान, शोले उराव, महेंद्र मिर्धा, दिवाकर शाहदेव, कमलेश ओदार, रोहित बैठा, सुजीता तिग्गा, उषा देवी, सुमन देवी, आशा देवी, सुशांत शाहदेव, मुकुनद सिंह, हरीस शाहदेव, राजू लोहरा, चिंटू उराव, सरजू महतो आदि मौजूद थे।

## सीआइटीइ के प्रशिक्षणार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर बेंगलुरु रवाना



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन (सीआइटीई) के बीएड सत्र 2023-25 के प्रशिक्षणार्थियों का दल रविवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए बेंगलुरु रवाना हुआ। 10 दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम में शिक्षक डॉ सत्येश कुमार सिंह ने जानकारी दी कि इस दल में कुल 63 प्रशिक्षणार्थी शामिल है। भ्रमण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षु मैसूर पैलेस, ऊटी, कोयंबटूर, इसकॉन मंदिर, बॉटनिकल गार्डन, योगी मेडिटेशन सेंटर जैसे शैक्षणिक और सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। भ्रमण दल का नेतृत्व डॉ सत्येश कुमार सिंह के साथ प्रो विकास कुमार, प्रो मिलन कुमार, प्रो अनुलेखा महतो कर रहे है। शिक्षकों ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को शैक्षणिक और सांस्कृतिक अनुभवों से जोड़ना है। जिससे उनकी शिक्षा और व्यक्तित्व विकास को नया आयाम मिलेगा। प्रशिक्षु रविवार को एसएमवीटी बेंगलुरु ट्रेन से हटिया रेलवे स्टेशन से रवाना हुए। संस्थान ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों के सफल और सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दी। इधर सीआईटीई के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और देश की सांस्कृतिक विविधता को समझने में मदद करते है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा छात्रों के शैक्षिक दृष्टिकोण और भविष्य के शिक्षण कार्य में सहायक होगी।

